पहल

कंबाइन मशीन से धान कटवा कर किसानों को दिखाया

वायु प्रदूषण रोकेगा सुपर स्ट्रा सिस्टम

कल्लूवाला गांव में खेतों का निरीक्षण करते निदेशक एपी श्रीवास्तव(मध्य) ● जागरण

संवाद सूत्र, रेहड़: अउत्तर प्रदेश के कृषि निदेशक एपी श्रीवास्तव ने शनिवार को रेहड़ के कल्लूवाला क्षेत्र का दौरा किया। जिसमें उन्होंने किसानों को वायु प्रदूषण रोकने के लिए कंबाइन मशीन में सुपर स्ट्रा सिस्टम अपनाने पर जोर दिया। इस दौरान सिस्टम युक्त कंबाइन मशीन से धान की फसल भी कटवा कर दिखाई गई।

कृषि निदेशक एपी श्रीवास्तव शनिवार को रेहड़ क्षेत्र के गांव कल्लूवाला पहुंचे। यहां सरदार मलकीत सिंह के कृषि फार्म का निरीक्षण किया। इस दौरान निदेशक ने कहा कि बड़े पैमाने पर धान की पराली जलाने से वायु प्रदूषण होता है। एनजीटी के दिशा निर्देशों के अनुसार वायु प्रदूषण रोकने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने कंबाइन मशीनों में सुपर स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम लगाना अनिवार्य कर दिया है। इस सिस्टम की कीमत एक लाख दस हजार रुपये है। कृषि विभाग की ओर से सिस्टम लगाने वाले कंबाइन मशीन स्वामी को 55 हजार का अनुदान दिया जाएगा। इस दौरान किसानों को स्ट्रा सिस्टम लगी कंबाइन मशीन से धान की फसल कटवा कर दिखाया गया।

निदेशक ने बताया कि इस सिस्टम से धान की कटाई करते समय पराली की बारीक कटाई हो जाती है। इस दौरान सरदार मलकीत सिंह एवं अन्य किसानों ने कृषि निदेशक से कृषि उपज को बेचने के लिए क्षेत्र में अनाज मंडी की स्थापना कराने, जंगली जानवरों से फसलों को बचाने, सोलर फेंसिंग लगवाने आदि की मांग की। उप कृषि निदेशक बिजनौर डा. अवधेश मिश्रा, एडीओ कृषि सुरेंद्र कुमार, बलजीत सिंह, नरेंद्र पाल सिंह, सर्वजीत सिंह आदि मौजूद रहे।